Lakeridge Health

मई 8, 2020

प्रिय मित्रों और निवासियों,




हर रोज़ आम जनता के बीच वायरस के और कम मामलों की पुष्टि के साथ Durham क्षेत्र COVID-19 के खिलाफ़ लड़ाई में लगातार प्रगति कर रहा है। यह अच्छी खबर कुछ दीर्घ-कालिक देखभाल केंद्रों और सामूहिक जीवन परिवेशों में विनाशकारी प्रकोप फैलने की खबर के कारण फीकी हो जाती है। समुदाय के भीतर प्रकोप को कम करने के लिए लगातार जारी रहने वाली और दृढ़ सतर्कता की ज़रूरत है और इसके साथ-साथ दीर्घ-कालिक देखभाल केंद्रों और रिटायरमेंट घरों में रहने वाले लोगों को सहयोग देने की भी ज़रूरत है।

**Ontario की COVID-19 योजना में एक नया चरण**

Ontario की COVID-19 प्रतिक्रिया में इस हफ़्ते दो महत्वपूर्ण विकास हुए हैं।

6 मई को Ontario सरकार ने आपातकाल स्थिति Victoria डे सप्ताहांत के बाद तक के लिए बढ़ा दी। इस का यह मतलब है कि वर्तमान आपातकालीन आदेश जारी रहेंगे, जिनमें शारीरिक (सामाजिक) दूरी सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक और सामाजिक समारोहों को केवल पाँच व्यक्तियों तक सीमित रखने के आदेश शामिल है।

इस के साथ ही, इस हफ़्ते प्रांतीय सरकार ने अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने के लिए पहला कदम उठाया। गार्डन सेंटरों को इस हफ़्ते पहले ही खोलने की अनुमति दे दी गई थी और "गैर ज़रूरी" सामान बेचने वाली दुकानें जिनका प्रवेश द्वार गली में है, उन्हें मई 11 से खोलने की अनुमति दी जा रही है।

एक सफल चरणबद्ध दोबारा खोलने के प्रयास में सहयोग के लिए, हमें वे रणनीतियाँ जारी रखनी होंगी जो हमने महामारी को फैलने से रोकने के लिए मध्य मार्च से शुरू की थीं।

इसमें अपने करीबी परिवार के साथ जितना हो सके उतना घर पर रहना, अपने सामाजिक नेटवर्क से वर्चुअल तौर पर संपर्क करना और बाहर जाने पर सामाजिक दूरी बनाए रखने के बारे में सावधानी बरतना शामिल हैं। जहां सामाजिक दूरी बनाए रखना मुमकिन नहीं है, उन सार्वजनिक जगहों, जैसे सार्वजनिक परिवहन या छोटी किराने की दुकानों में आप खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए गैर-मेडिकल या घर में बने कपड़े के मास्क पहनने का एक अतिरिक्त कदम भी उठा सकते हैं। और यह समझना भी बहुत ज़रूरी है कि मास्क पहनना हाथ धोने और सामाजिक दूरी बनाए रखने की जगह नहीं ले सकता, यह COVID-19 की रोक-थाम के लिए केवल एक अतिरिक्त साधन है।

इस वसंत, जब चिकित्सकों, नर्सों और देखभाल करने वाले अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय दिवस और सप्ताह मनाए जा रहे हैं, चलिए हम इस विनाशकारी वायरस को फैलने से रोकने में अपना योगदान दे कर उन के प्रति अपना आभार प्रकट करें।

**COVID-19 के खिलाफ़ युद्ध में सबसे अग्रिम पंक्ति में नर्सें**

अगले हफ़्ते हम *"नर्सें : एक प्रमुख आवाज - विश्व स्वास्थ्य के लिए नर्सिंग"* थीम के साथ नर्सिंग सप्ताह मना रहे हैं। नर्सें, लोगों के सिरहाने खड़े हो कर, समुदाय में, और निर्णय लेने वाली टेबलों पर भी काम करते हुए मानवता की सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना करती हैं। बहुत से अन्य स्वास्थ्य देखभाल सहयोगियों के साथ नर्सें, COVID-19 के खिलाफ़ हमारी प्रतिक्रिया में सबसे आगे हैं।

हम Lakeridge Health की 2,500 से अधिक नर्सों को दिल से धन्यवाद कहना चाहते हैं जो हमारी सुरक्षित और अच्छी देखभाल करती हैं और हमारे समुदाय के भीतर लोगों की सेवा करने के लिए बेहतर और अधिक प्रभावी टीम-आधारित दृष्टिकोणों के माध्यम से हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के सुधार में सहयोग देती हैं।

**रोगियों और हमारे समुदाय के लिए सेवाएं**

प्रांतीय सरकार की योजना के साथ कदम मिलाते हुए, हालात सुरक्षित होते ही Lakeridge Health भी गैर-आपातकालीन सर्जरी और अन्य सेवाएं को रैम्प-अप करने की सक्रिय योजना बना रहा है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि रैम्प-अप में कुछ हफ्तों का समय लग सकता है और सर्जरी के समय निर्धारण का विचारशील तरीके से प्रबंधन किया जाएगा, हालांकि हम यह जानते हैं कि COVID-19 से पहले जैसी सेवाओं के स्तर तक पहुँचने में थोड़ा समय लग

जाएगा। यदि अपनी सर्जरी को लेकर आपके कोई प्रश्न हैं तो संबंधित क्लिनिक से पता करें और अधिक जानकारी के लिए Lakeridge Health की वेबसाईट पर जाएं।

हमने घर पर COVID-19 से ग्रस्त रोगियों की निगरानी के लिए वर्चुअल वार्ड लागू करने, ऑन्कोलॉजी (कैंसर विज्ञान) और अन्य रोगियों के लिए वर्चुअल मुलाकात में सहयोग देने और जल्द ही चालू होने वाले वर्चुअल मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन क्लीनिक सहित वर्चुअल सेवाओं का विस्तार किया है।

Pickering में Orchard Villa में फैले प्रकोप के लिए दीर्घ-कालिक देखभाल केंद्र की टीम और कनाडा की सशस्त्र सेना के करीबी सहयोग से Lakeridge Health सबसे आगे बढ़कर काम करना जारी रखे हुए है। हमारा मुख्य ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि निवासियों को उनकी ज़रूरत के मुताबिक देखभाल और सहयोग मिले और इस महामारी को खत्म किया जा सके। हमारे काम का एक मुख्य भाग यह देखना भी है कि सब लोग संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण के उपयुक्त कदम उठा रहे हैं, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का सुरक्षित रूप से उपयोग कर रहे हैं और प्रकोप प्रबंधन में सर्वोत्तम उपायों के बारे में शिक्षा और प्रशिक्षण सुनिश्चित करना।

हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि स्टाफिंग स्तर स्थिर हो गए हैं और सभी पारिवारिक संपर्क में बताए गए नामित नामों (जैसे कि, पावर ऑफ अटॉर्नी या किसी कि जगह लेने वाला निर्णयकर्ता), जो रोगी से मिलने नहीं आ पा रहे थे, उन सब से Lakeridge Health रोगी अनुभाव टीम ने संपर्क किया है और उनके प्रियजनों के बारे में उन्हें वैयक्तिक जानकारी दी गई है।

Lakeridge Health की वेबसाईट पर Orchard Villa प्रकोप प्रतिक्रिया पेज पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

**मदद करने के दो महत्वपूर्ण तरीके**
उपकरण, सेवाएं या टीम कल्याण में सहयोग देने वाली सामग्री दान करने के लिए COVID19GIVING@lh.ca पर संपर्क करें।

कृपया Durham Fights COVID-19 अभियान - www.durhamfightscovid19.ca पर वित्तीय दान करें। आप रोगियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, हमारी टीमों के लिए मेडिकल उपकरण और देखभाल की सामग्री के संसाधनों के लिए अपने स्थानीय अस्पताल को भी दान दे सकते हैं।

अपने समुदाय को स्वस्थ रखने के लिए आप जो भी कर सकते हैं, उसके लिए आपका धन्यवाद! सुरक्षित रहें!

आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए,

सुज़ेन डीराइक (Susan deRyk)
अंतरिम अध्यक्ष और CEO

डॉक्टर टोनी स्टोन (Dr. Tony Stone)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी